दिनांक 31.10.2024
प्रेस विज्ञप्ति 46/2024

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

<u>जनपद सीतापुर/थाना इमलिया सुल्तानपुर</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **25 हजार रूपये नगद,**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 31.10.2024 को थाना इमलिया सुल्तानपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर शहादतनगर जागना मोड़ के पास पुलिस कार्यवाही में पुरस्कार घोषित अभियुक्त विजय उर्फ खुड़भुड़ी घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 25 हजार रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना महोली जनपद सीतापुर पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद सीतापुर के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना इमलिया सुल्तानपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

1–विजय उर्फ खुड़भुड़ी निवासी जालिमपुर मड़रवा थाना तम्बौर जनपद सीतापुर।

बरामदगी

1–25 हजार रूपये नगद।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

जनपद अम्बेडकरनगर/थाना कोतवाली अकबरपुर

- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 60 हजार रूपये नगद**
- **03 मोबाइल फोन**
- **02 मोटर साइकिल बरामद**

दिनॉकः 31.10.2024 को थाना कोतवाली अकबरपुर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिझौली अण्डरपास के बगल से 04 अभियुक्तों 1–सत्यम 2–शुभम 3–आकाश 4–हिमांशू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 60 हजार रूपये नगद, 03 मोबाइल फोन, 02 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली अकबरपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली अकबरपुर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शुभम के विरूद्ध जनपद अम्बेडकरनगर, जौनपुर के विभिन्न थानों पर हत्या का प्रयास, लूट आदि के 07 अभियोग व अभियुक्त सत्यम के विरूद्ध जनपद अम्बेडकरनगर व जौनपुर के विभिन्न थानों पर लूट आदि के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली अकबरपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त

1–सत्यम निवासी धिरौली लच्छन थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

2–शुभम निवासी धिरौली लच्छन थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

3–आकाश निवासी मियाचक थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

4–हिमांशू निवासी अकबरपुर विशुनपुर थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

बरामदगी

1–लूट के 60 हजार रूपये नगद।

2–03 मोबाइल फोन।

3–02 मोटर साइकिल।

जनपद सम्भल/थाना नखासा

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 30.10.2024 को थाना नखासा व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर माण्डली समसपुर रोड पर ग्राम कल्याणपुर के पास बदमाश की घेराबन्दी की गयी तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, जिसमें एक आरक्षी घायल हो गये। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त रहमान घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

इस सम्बन्ध में थाना नखासा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

1–रहमान निवासी मिर्जापुर मिलक थाना नखासा जनपद सम्भल।

<u>बरामदगी</u>

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

<u>जनपद बिजनौर/थाना नगीना</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **10 हजार रूपये नगद**
- **01 महिन्द्रा पिकप वाहन**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद**

दिनॉकः 30.10.2024 को थाना नगीना पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर धामपुर मोड़ के पास बाग से पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्तों 1–यूनुस 2–जाबिर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से 10 हजार रूपये नगद, 01 महिन्द्रा पिकप वाहन, 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि बरामद हुये।

इस सम्बन्ध में थाना नगीना पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>

1–यूनुस निवासी बराही थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल।

2–जाबिर निवासी ग्राम मलगद्दा थाना मझौला जनपद मुरादाबाद।

<u>बरामदगी</u>

1–10 हजार रूपये नगद।

2–01 01 महिन्द्रा पिकप वाहन ।

3–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस आदि।

————